

बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान ( बामेती )
पोस्ट : बिहार वेटनरी कॉलेज, जगदेव पथ, पटना–800 014
Website : www.bameti.org, e-mail : bameti.bihar@gmail.com
मुद्रण प्रतियां 7,00,000

Printed by : Shiva Enterprises, Patna, # 9308286684

प्रसार पुस्तिका संख्या- 41 /बामेती/2019-20

# फसलों के रोग एवं कीट प्रबंधन



मुख्य संरक्षक : डॉ. प्रेम कुमार

मंत्री, कृषि–सह–पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,

बिहार सरकार

मार्गदर्शन : डॉ. एन. सरवण कुमार, भा०प्र०से०

सचिव, कृषि, बिहार

आदेश तितरमारे, भा०प्र०से०

निदेशक कृषि, बिहार, पटना

नन्द किशोर, भा०व०से०

निदेशक उद्यान, बिहार

सम्पादक : डॉ. जितेन्द्र प्रसाद

निदेशक, बामेती, बिहार

तकनीकी आलेख : डॉ. चंद्रशेखर प्रभाकर

सहायक प्राध्यापक, वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय

(बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर), डुमरॉव, बक्सर, बिहार

सह–सम्पादक : श्री शशि भूषण कुमार विद्यार्थी

उप निदेशक, (प्रसार प्रबंधन)

बामेती, बिहार, पटना

# अनुक्रमणिका


- धान के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 08-09
- धान के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 10-15
- मक्का के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 16-17
- मक्का के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 18-21
- राई और सरसों के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 22
- राई और सरसों के प्रमुख कीट एवं प्रबंधान ...... 23-28
- टमाटर के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 29-32
- बैंगन के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 33-34
- बैंगन के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 35-41
- कद्दुवर्गीय सब्जियों के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 42
- कद्दुवर्गीय सब्जियों के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन...... 43-48
- चना के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 49-52
- चना के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 53-57
- अरहर के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 58
- अरहर के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 59-62
- लीची के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 63-68
- आम के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 69-70
- आम के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 71-86
- अमरूद के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन ...... 87
- अमरूद के प्रमुख कीट एवं प्रबंधन ...... 88-90
- LIST OF PESTICIDES WHICH ARE BANNED IN INDIA.. 91-92
- INSECTICIDES / PESTICIDES IN INDIA 9(3)..... 93-99





## धान के प्रमुख रोग एवं प्रबंधन

### झोंका रोग *(Blast disease)*

**मेग्नेपोर्थे ओराइजी** *(Magnaporthe oryzae)*



पत्तियों पर आंख या नाव के आकार के धब्बे बनते हैं, जिनके बीच का भाग राख के रंग का हो जाता है, जिससे पत्तियां झुलस जाती हैं। गांठों पर भी काला–भूरा धब्बा बन जाता है, जो हवा के हल्के झोंकों से टूट कर गिर जाता है। रोक का आक्रमण बाली के नीचे ग्रीवा पर होने से प्रभावित बाली में दाना नहीं बनता है।




**प्रबंधन (Management)**


- खेत की ग्रिष्मकालीन जुताई करें।
- कार्बेन्डाजिम 50% घुलनशील चूर्ण के 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित कर बोआई करें।
- खेत को खर–पतवार से मुक्त रखें।
- कार्बेन्डजिम 50% घुलनशील चूर्ण का 1 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें अथवा प्रोपीकोनाजोल 25 ई.सी. का 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें।



### जीवाणु झुलसा रोग *(Bacterial blight)*

**जेन्थोमोनास ओराइजी** *(Xanthomonas oryzae)*





इस रोग में पत्तियां शीर्ष से दोनों किनारे या एक किनारे से सूखती हैं।

**प्रबंधन (Management)**

- खेत में जमा पानी को निकाल दें।
- उर्वरकों का संतुलित व्यवहार करें। नेत्रजनीय उर्वरक का ज्यादा व्यवहार नहीं करें।
- स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 50 ग्राम एवं कॉपर आक्सीक्लोराइड 50% घुलनशील चूर्ण का 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें।

